प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 20.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह अब से थोड़ी देर बाद पहुंचेंगे रांची, राज्य की विस्तारित भाजपा कार्यसमिति की बैठक को करेंगे संबोधित, कार्यकर्ताओं से करेंगे संवाद।

2- सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एनटीए ने नीट यूजी परीक्षा का केन्द्रवार और क्षेत्रवार परिणाम वेबसाइट पर किया अपलोड, पेपर लीक मामले में गिरफ्तार छात्रा को रिम्स प्रबंधन ने किया निलंबित।

3- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज देवघर में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले की तैयारियों की करेंगे समीक्षा, कल होगा इस आध्यात्मिक मेले का उदघाटन।

4- रांची से भागलपुर के लिए कल से सप्ताह में दो दिन चलेगी स्पेशल ट्रेन, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा– अपने क्षेत्र में रेल सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता।

*****************

केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह अब से थोड़ी देर बाद रांची पहुंचेंगे। श्री शाह इस दौरान धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में राज्य की विस्तारित भाजपा कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करेंगे और पार्टी के राज्य कोर ग्रुप की बैठक में भी भाग लेंगे। इस दौरान वे कार्यकर्ताओं से भी संवाद करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी ने बताया कि श्री शाह हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में भाजपा के साथ–साथ एनडीए के चुनावों में प्रदर्शन की समीक्षा करेंगे। राज्य में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है।

*****************

झारखंड में भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा आज रांची स्थित रिम्स में घायल सहायक पुलिसकर्मियों और जिला पुलिस के जवानों से मिले। घायल जवानों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री सरमा ने कहा कि राज्य सरकार को मिल बैठकर सहायक पुलिसकर्मियों की समस्याओं का हल निकालना चाहिए।

*****************

केन्द्र सरकार ने संसद के बजट सत्र से पहले कल सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी विपक्षी दलों से सहयोग का अनुरोध करेगी। बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होकर अगले महीने की 12 तारीख तक चलेगा। आम बजट 23 जुलाई को पेश किया जाएगा। ये नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है।

*****************

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मुताबिक नेशनल टेस्टिंग एजेंसी–एनटीए ने सभी छात्रों के लिए शहर और केंद्र के हिसाब से परिणाम घोषित कर दिए हैं। जिन छात्रों ने परीक्षा दी थी, वे अपना परिणाम एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट exams.nta.ac.in@NEET और neet.ntaonline.in पर देख सकते हैं। क्षेत्र और केन्द्र के अनुसार लिस्ट को जारी किया गया है।

*****************

रांची स्थित रिम्स प्रबंधन ने नीट–यूजी प्रवेश परीक्षा पेपर लीक मामले में संलिप्त होने के कारण एमबीबीएस द्वितीय वर्ष की छात्रा सुरभि कुमारी को निलम्बित कर दिया है। प्रबंधन ने नीट परीक्षा के दौरान सुरभि कुमारी की सभी गतिविधियों की जांच के लिए पांच सदस्यों की एक समिति गठित की है। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने कल उसे छात्रावास से गिरफ्तार किया था और आगे की पूछताछ के लिए उसे तीन दिन की हिरासत में भेज दिया गया है। पूछताछ के दौरान सुरभि कुमारी ने स्वीकार किया है कि उसने नीट परीक्षा का पेपर हल किया था। वह झारखंड के रामगढ़ जिले की रहने वाली है।

*****************

सुप्रीम कोर्ट ने सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा का रिजल्ट जारी करने पर रोक लगा दी है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने अप्रैल में ली गयी परीक्षा का रिजल्ट सितंबर के पहले हफ्ते में निकालने का कैलेंडर जारी किया था। झारखंड सीटेट उतीर्ण अभ्यर्थी की एसएलपी पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश जेके महेश्वरी और न्यायाधीश राजेश बिंदल की खंडपीठ ने कहा है कि अभी रिजल्ट प्रकाशित करने से कई सफल अभ्यर्थियों को

प्रतिवादी बनाकर नोटिस जारी करना पड़ेगा। इस मामले में विस्तृत सुनवाई की जरुरत है। शीर्ष अदालत ने इस मामले की अंतिम सुनवाई के लिए तीन सितंबर की तिथि मुकर्रर की है।

*****************

राज्य में आठ साल बाद इस वर्ष झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा–जेटेट होगी। झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने परीक्षा प्रक्रिया शुरु कर दी है। जैक द्वारा जारी पत्र के अनुसार जेटेट के लिए अभ्यर्थी 23 जुलाई से 22 अगस्त तक आवेदन जमा कर सकेंगे।

*****************

राज्य के इंटर कॉलेजों के हर संकाय में 128 सीटें बढ़ायी जायेंगी। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के इस प्रस्ताव को शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने मंजूरी दे दी है। अब यह प्रस्ताव कैबिनेट में भेजा जायेगा।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज देवघर में श्रावणी मेले की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव समेत राज्य के आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। इधर, मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। देवघर के डीपीआरओ ने बताया कि कल दुम्मा सीमा पर इस मेले का उदघाटन होगा और सोमवार से मेले की विधिवत शुरुआत होगी।

*****************

देवघर श्रवणी मेले के दौरान बाबा मंदिर परिसर के आसपास के इलाके में 14 प्वाइंट पर सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन सभी इलाकों को नो इंट्री जोन घोषित किया गया है। नो इंट्री जोन में जिला प्रशासन द्वारा निर्गत पास वाले वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति दी जायेगी। बिना पास वाले वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

*****************

22 जुलाई से शुरु हो रहे विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले के मद्देनजर रांची से भागलपुर के लिए कल से स्पेशल ट्रेन चलेगी। यह ट्रेन रांची से सप्ताह में दो दिन रविवार और मंगलवार को चलेगी जबकि भागलपुर से सोमवार और बुधवार को रांची के लिए प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन रांची से रात नौ बजकर पैंतीस मिनट पर रवाना होगी और मुरी, बरकाकाना, हजारीबाग और कोडरमा के रास्ते भागलपुर पहुंचेगी। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इस ट्रेन का परिचालन शुरु होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि अपने क्षेत्र में रेल सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है।

*****************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है।

*****************

गोड्डा जिले के आदिम जनजाति एवं जनजाति बहुल प्रखंड सुंदरपहाड़ी की धमनी पंचायत डायरिया की चपेट में है। ग्रामीणों को डायरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य महकमा अलर्ट मोड में है। जबरदाहा गांव में डायरिया के पांच मरीज पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में कैंप कर रही है। उपायुक्त जीशान कमर भी पूरे मामले पर नजर बनाये हुए हैं।

*****************

मौसम विभाग ने राज्य में आज से मानसून के फिर सक्रिय होने की संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि अगले तीन दिनों तक रांची के अलावा सिंहभूम और सिमडेगा समेत कई जिलों में भारी बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि एक सर्कुलेशन बन रहा है, जिसका असर राज्य में दिखायी पड़ेगा।

******समाप्त********